Helpline 1064

94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **जयपुर में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग (पी.एच.ई.डी.) का कनिष्ठ सहायक 20 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार**

जयपुर, *10 जुलाई, बुधवार।* ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. की विशेष अनुसंधान विंग (एस.आई.डब्ल्यू.) जयपुर द्वारा आज कार्यवाही करते हुये **हिमांशु मुद्गल कनिष्ठ सहायक जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग (पी.एच.ई.डी.) उपखण्ड–द्वितीय सांगानेर, जयपुर** को परिवादी से **20 हजार रुपये** रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि ए.सी.बी. की विशेष अनुसंधान विंग (एस.आई.डब्ल्यू.) जयपुर को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि पानी के कनेक्शन की फाइलें पास करवाने की एवज में आरोपी हिमांशु मुद्गल कनिष्ठ सहायक जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग (पी.एच.ई.डी.) उपखण्ड–द्वितीय सांगानेर, जयपुर द्वारा **प्रति फाइल 100 रुपये** के हिसाब से कुल **20 हजार रूपये** रिश्वत राशि की मांग कर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर एसीबी जयपुर के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री रणधीर सिंह** के सुपरवीजन में एसीबी की विशेष अनुसंधान विंग (एस.आई.डब्ल्यू.) जयपुर के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री ललित किशोर शर्मा** के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर आज **पुलिस निरीक्षक श्रीमती कविता यादव** द्वारा मय टीम **उप अधीक्षक पुलिस श्री सुरेन्द्र पंचौली** एवं अन्य के ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी हिमांशु मुद्गल कनिष्ठ सहायक जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग (पी.एच.ई.डी.) उपखण्ड–द्वितीय सांगानेर, जयपुर को परिवादी से **20 हजार रूपये** की रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। उल्लेखनीय है कि आरोपी कनिष्ठ सहायक स्वयं ही परिवादी की दुकान पर रिश्वत लेने आया और ए.सी.बी टीम द्वारा पकड़ा गया।

एसीबी जयपुर की **उप महानिदेशक पुलिस श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव** के निर्देशन में आरोपी से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ***हैल्पलाईन नं.* 1064** *एवं* ***Whatsapp हैल्पलाईन नं.* 94135–02834** पर 24X7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। **एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।**